सौंपते हुए चेतावनी दी है नहीं किया गया तो वे करने को मजबूर होंगे। उन्होंने विभागीय निर्देशों के के सभी लक्ष्यों को पूरा निभाई है। इसके अलावा समेत अन्य सरकारी कार्यों योगदान दिया है। इसके अब तक उनका मानदेय नहीं की देयता भी लंबे समय से लंबित है। कर्मचारियों का आरोप है कि दीपावली और अब होली जैसे प्रमुख त्योहार भी उन्हें बिना वेतन के ही बिताने पड़े, जिससे उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा है। लगातार वेतन न मिलने से कर्मचारियों में भारी निराशा है। उनका कहना है कि प्रदेश में वेतन न मिलने के कारण आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जो बेहद चिंताजनक है। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश द्वारा देश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने पर सरकार की सराहना की जाती है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों को मानदेय और ईपीएफ का भुगतान न होना गंभीर वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे अपनी मांगों को लेकर सरकार और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आंदोलन करेंगे। इस दौरान रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आदेश वर्मा, उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह, दीनदयाल, पंकज कुमार, मदनपाल, फिरोज खान, अरविंद, चंद्रपाल, आसिफ, पूरनलाल, खान सिंह, विनोद कुमार और मनोज कुमार सहित कई ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सहायक मौजूद रहे। कर्मियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनका लंबित मानदेय और ईपीएफ का भुगतान जल्द कराया जाए, ताकि वे बिना आर्थिक संकट के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

# दरोगा भर्ती परीक्षा में सीओ और इंस्पेक्टर संभालेंगे केंद्रों की कमान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को बरेली मंडल में पूरी तरह नकल विहीन, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। 14 और 15 मार्च पर 73,920 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर बरेली रेंज के पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि एफआईआर होगी और उन्हें जेल भेजा जायेगा। साहनी ने कहा कि उप होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास संवेदनशील जाए। डीआईजी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के आवागमन के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश और सुरक्षा का भी आकलन करने को कहा गया है। 53 केंद्रों पर प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित इस परीक्षा में बरेली मंडल के चार बनाए गए हैं। इसमें बरेली में 19 केंद्र, 32,640 अभ्यर्थी, शाहजहांपुर पीलीभीत में 6 केंद्र, 5,760 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बरेली में 19 केंद्र, दो दिनों में 32,640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी- शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 8,160



को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बरेली समेत चार जिलों के 53 केंद्रों डीआईजी अजय साहनी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलों के तरह की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अवैध गतिविधि किसी भी कीमत पर साल्वरों पर पुलिस की सीधी नजर रहेगी। साल्वर पकड़े जाने पर सीधे निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर हर केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद इलाकों की पहले से पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए रेलवे और रोडवेज अधिकारियों दिए गए हैं। साथ ही बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था 73,920 अभ्यर्थी, चार जिलों में होगी परीक्षा- उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं जिलों-बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल 53 परीक्षा केंद्र में 13 केंद्र, 18,240 अभ्यर्थी, बदायूं में 15 केंद्र, 17,280 अभ्यर्थी, 950 कैमरों की निगरानी- बरेली जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से अभ्यर्थी परीक्षा देंगे और एक केंद्र पर लगभग 480 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की निगरानी के लिए 950 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा 450 पुलिसकर्मियों के साथ 836 शिक्षक और कर्मचारी परीक्षा संचालन में लगाए गए हैं। बायोमेट्रिक एंट्री, मेटल डिटेक्टर और कंट्रोल रूम- परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए तकनीकी निगरानी को भी मजबूत किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक एंट्री सिस्टम लागू किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से जांच होगी और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन या स्मार्ट डिवाइस पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। हर परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जबकि जिला स्तर पर पुलिस लाइन और ट्रेजरी में बने स्ट्रांग रूम में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा एलआईयू (स्थानीय खुफिया इकाई) और साइबर टीम सोशल मीडिया की निगरानी करेगी ताकि पेपर लीक या अफवाह जैसी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। केंद्रों पर सीओ-इंस्पेक्टर की निगरानी, भारी पुलिस बल तैनात रहेंगे सुरक्षा व्यवस्था के तहत हर परीक्षा केंद्र की निगरानी एक क्षेत्राधिका री (सीओ) और संबंधित थाना प्रभारी करेंगे। दो केंद्रों पर एक सीओ को जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र के बाहर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जिसमें इंस्पेक्टर, महिला कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, पति समेत आठ पर मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / नवाबगंज बरेली। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने एक विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के रतनानंदपुर गांव की शमा का निकाह वर्ष 2019 में भमोरा थाना क्षेत्र के गांव नौगवां गुरुगोंच निवासी शाहिद से हुआ था। शादी में उसके पिता ने आठ लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही पति शाहिद, ससुर शब्बीर शाह, सास शहनाज, देवर उवैस, ननद शिमा, रिंकी, निशा व ननदोई आसिफ उससे पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग करने लगे। जिसपर उसने अस्मर्थता जताई तो ससुरालवाले उससे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच उसने दो बेटियों को जन्म दिया तो ससुराल वाले उसे और अधिक प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर गुरुवार को ससुरालवालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

### एडिट कर फोटो सोशल मीडिया पर किए वायरल ,छह लोगों पर केस

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरीदपुर में शोहदे ने युवती के एडिट करके अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। विरोध करने पर अपहरण की धमकी दी। शिकायत करने पहुंचे पीड़िता के परिजनों को बेरहमी से पीटा। पीड़िता के पिता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरीदपुर के एक गांव की युवती को पड़ोस का इमरान कई दिन से छेड़खानी कर रहा था। युवती ने विरोध किया जिसके बाद इमरान ने युवती के एडिट फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। युवती को उठा ले जाने की धमकी दी। परेशान होकर युवती ने परिवार वालों को मामले की जानकारी दी। परिवार के लोग इमरान की शिकायत करने उसके घर पहुंचे। आरोप है जिसके बाद इमरान और उसके परिवारवालों ने पीड़िता के घर पर हमला बोल दिया। घर में घुसकर पूरे परिवार को बेरहमी से पीटा। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी इमरान, उसके पिता चन्ने शाह,चुन्ने शाह,रेहान, नगीना समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली में गैस और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, 91 गैस एजेंसियां और 193 पेट्रोल पंप फुल स्टॉक में, कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली, । जिले में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की किल्लत की चल रही चर्चाओं के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति साफ कर दी है। जिला मनीष बताया 91 और 193




पूर्ति अधिकारी कुमार सिंह ने कि जनपद में इंडेन, एचपी भारत गैस एजेंसियां तथा पेट्रोल पंप पूरी तरह पर्याप्त स्टॉक के साथ संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल का सर्वर डाउन होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में दिक्कत आ रही है, लेकिन जल्द ही सर्वर ठीक होने की उम्मीद है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए शहर की कई गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण भी किया गया। जांच के दौरान एजेंसियों के गोदामों का स्टॉक ऑनलाइन रिकॉर्ड से मिलान किया गया, जिसमें कोई अनियमितता नहीं मिली। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराई जाए और किसी भी तरह की ओवररेटिंग या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए जिला पूर्ति कार्यालय की हेल्पलाइन 9456667774 जारी की गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गैस या पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस बुकिंग फोन, मिस्ड कॉल, व्हाट्सएप या मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे कराएं।

# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा': पीरियड्स लीव पर CJI की टिप्पणी, अनिवार्य छुट्टी की याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए मासिक धर्म अवकाश पर राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग वाली पीआईएल पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि इसे कानूनन अनिवार्य करने से नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से बच सकते हैं और इससे लैंगिक रूढ़ियां मजबूत हो सकती हैं।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिलाओं कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा, ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।सुप्रीम कोर्ट का तर्क ?- मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है।हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। मासिक धर्म अवकाश पर केरल का दिया उदाहरण- सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एम. आर. शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। कानून के जरिए अनिवार्य बनाने से क्या होगा?- इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिए अनिवार्य बना दिया गया तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।



# प्रदेश में सात आईएएस व चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर, लोकेश एम बने पीडब्ल्यूडी के सचिव

उत्तर प्रदेश सरकार ने सात आईएएस और चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। लोकेश एम को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। कई अधिकारियों को नए विभागों में जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करने के लिए विभिन्न जिलों और विभागों में यह फेरबदल किया गया है।राज्य सरकार ने शुक्रवार को सात आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव प्रकाश बिंदु को गृह विभाग भेजा गया है। नोएडा में इंजीनियर की मौत के मामले में हटाए जाने के बाद प्रतीक्षारत चल रहे लोकेश एम. को पीडब्ल्यू में सचिव बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहीं महेंद्र प्रसाद को उप्र पुनर्गठन समन्वय विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है।इसी तरह उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा को सार्वजनिक उद्यम विभाग का प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक बनाया गया है। वहीं सार्वजनिक उद्यम के महानिदेशक संजय कुमार को उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी का निदेशक बनाया गया है।धर्मार्थ कार्य विभाग के विशेष सचिव रघुबीर को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार को धर्मार्थ कार्य विभाग में विशेष सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर- शासन ने शुक्रवार को चार पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। झांसी में एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय को गोंडा भेजा गया है। मथुरा में एडीएम (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार को कानपुर मंडल का अपर आयुक्त बनाया गया है। जालौन में एसडीएम वेद प्रिय आर्य को मथुरा का एडीएम (न्यायिक) बनाया गया है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, झांसी के विशेष कार्याधिकारी कुशीनगर का एडीएम (न्यायिक) बनाया गया है।




# एसआई भर्ती परीक्षा कल से, प्रदेश के 1090 केंद्रों पर होगा आयोजन; मिलेगा पांच मिनट का अतिरिक्त समय

यूपी एसआई भर्ती परीक्षा कल से आयोजित होगी। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को आयोजित होगी। इसके लिए इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार और रविवार को जाएगी। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को आवश्यक करने के लिए निर्धारित परीक्षा अवधि के अतिरिक्त भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा के सुचारु संचालन के बाद उन्हें डबल लॉक में सुरक्षित रखा गया है। शनिवार परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, शुक्रवार से में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सॉल्वर एजेंसियां नजर बनाए हुए हैं। महिला अभ्यर्थियों की वाले जिले में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं। भर्ती के लिए शुभकामनाएं दी हैं। 4543 पदों पर होगी



प्रदेश के सभी जिलों के 1090 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की निर्देश पढ़ने, उपस्थिति पत्रक भरने तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।उत्तर प्रदेश पुलिस लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलों में प्रश्नपत्र पहुंचने के को परीक्षा शुरू होने से पहले कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्नपत्रों को ही परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। परीक्षा गैंग और पेपर लीक गिरोहों पर एसटीएफ समेत सभी सुरक्षा सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके गृह जनपद के मंडल बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने अभ्यर्थियों को परीक्षा भर्ती- बोर्ड की ओर से 4543 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। भर्ती के लिए कुल 1575760 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, जिनमें 1166386 पुरुष और 409374 महिलाएं शामिल हैं। परीक्षा शनिवार और रविवार को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

## डीएम आवास के पास फायरिंग से सनसनी, एक युवक घायल; पुलिस कर रही जांच

गोंडा में डीएम आवास के पास फायरिंग से सनसनी फैल गई।



गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।यूपी के गोंडा में शुक्रवार शाम शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित डीएम आवास के पास फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है।बताया जा रहा है कि अजीत और राम सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान आवेश में आकर राम सिंह ने बंदूक से फायर कर दिया। गोली अजीत के साथ मौजूद उसके चचेरे भाई सुजीत को लग गई। इससे वह घायल हो गया।घायल सुजीत को तत्काल अस्पताल भेजा गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करके जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## बिजनौर से लापता हो गईं इंटर की छह छात्राएं, 24 घंटे बाद बाद हरिद्वार में मिलीं, बताई हैरान करने वाली बात

चांदपुर से छात्राएं संस्कृत की परीक्षा देकर घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्राओं को हरिद्वार से बरामद कर लिया। छात्राओं कहना था कि वे आगे की पढ़ाई करने के लिए घर से चली गई थीं, किराए पर कमरा भी ले लिया था। संस्कृत विषय की परीक्षा देने के बाद लापता हुईं इंटर की छह छात्राओं की बरामदगी के लिए दिनभर थाने में हंगामा चला। पुलिस की 11 टीमों का गठन भी किया गया। मगर शुक्रवार की शाम ढलने तक इन छात्राओं को ढूंढ निकाला, जोकि हरिद्वार में मिलीं।बृहस्पतिवार को चांदपुर के एक परीक्षा केंद्र पर यूपी बोर्ड के संस्कृत विषय की परीक्षा हुई। इस परीक्षा में शामिल होने वाली थाना हीमपुर दीपा और चांदपुर के अलग-अलग दो गांव की चार छात्राएं अपनी दो सहपाठियों के साथ लापता हो गईं। देर शाम तक छात्राओं के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने पुलिस को छह छात्राओं के लापता होने की तहरीर दी।इस मामले में शुक्रवार को छात्राओं के परिजन और अन्य लोग चांदपुर थाने पहुंच गए। हंगामा कर छात्राओं की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया लेकिन लोगों में रोष बना हुआ था। महिलाएं दरी बिछाकर बैठ गईं। सूचना पर थाने पहुंचे एएसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह ने लोगों को समझाकर शांत किया। छात्राओं के परिजनों के अलावा शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, शेरबाज पठान, भाजपा नेता कपिल चौधरी, प्रमोद सूर्या, वीरेंद्र राजपूत, डॉ. लाखन सिंह पाल, विक्की जोशी आदि थाने में मौजूद रहे। नौकरी करने के इरादे से हरिद्वार पहुंची थी छात्राएं- एसपी एसपी अभिषेक झा ने बताया कि छात्राओं को बरामद कर लिया गया है। बताया कि वे नौकरी करते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती थीं। हरिद्वार पहुंचकर छात्राओं ने रोशनाबाद में तीन हजार रुपये मासिक पर कमरा किराए पर ले लिया था। छात्राओं को बरामद करने के बाद वन स्टॉप सेंटर पर भेज दिया गया है।




## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, डीएम ने फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का किया शुभारम्भ

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत - पीलीभीत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बेनहर गुरुकुल विद्यालय में जनगणना-2027 के लिए फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया और उसकी महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि द्वितीय चरण में 36 फील्ड ट्रेनरों को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोनों चरणों में कुल 72 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 13, 14 और 16 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना की शुरुआत अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1872 में की गई थी। इसके माध्यम से गांव और शहरों की जनसंख्या का सही आंकलन होता है, जिससे विकास योजनाओं और संसाधनों के वितरण में मदद मिलती है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती हैं तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। डीएम ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। इसके बाद जनसंख्या से जुड़े विस्तृत आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जनगणना के दौरान कुल 33 पैरामीटर पर सर्वे किया जाएगा, जिनके आधार पर सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक बारीकी को गंभीरता से समझने और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को सही तरीके से प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रसून द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला न्यायालय परिसर में 20 मार्च को विभिन्न ठेकों की नीलामी

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। मा0 जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में जिला जजी परिसर में वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न ठेकों की नीलामी 20 मार्च को अपराह्न 4 बजे न्यायालय सभागार में आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलामी में कैन्टीन ठेका (अर्नेस्ट मनी 1,06,000 रुपये), मोटरसाइकिल व साइकिल स्टैंड ठेका (67,500 रुपये), ड्राई फ्रूट व मूंगफली ठेका (10,000 रुपये) तथा फोटोग्राफी ठेका (4,200 रुपये) शामिल हैं। नीलामी की प्रक्रिया जिला जज की स्वीकृति के अधीन रहेगी और सबसे अधिक बोली लगाने वाले के पक्ष में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नीलामी में सफल होने वाले बोलीदाता को बोली की 50 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। साथ ही जिस ठेकेदार पर कोई सरकारी देयक बकाया होगा, उसे नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नीलामी से संबंधित अन्य शर्तों एवं जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजिर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष नीलाम समिति, अपर जिला जज, जनपद न्यायालय पीलीभीत से भी संपर्क किया जा सकता है।

### 06 केंद्रों पर होगी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा, डीएम-एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शुक्रवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एस.एन. इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों के कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्युत व्यवस्था, पेयजल, पंखे, शौचालय और सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा गया। प्रशासन के अनुसार उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च को जनपद के छह केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां भी कोई कमी हो उसे तत्काल दूर किया जाए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 14 मार्च को पीलीभीत में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। पीलीभीत। जनपद में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के लिए 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक दीवानी न्यायालय परिसर पीलीभीत के साथ-साथ बाह्य न्यायालय पूरनपुर और बीसलपुर में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के सचिव सतीश कुमार तृतीय ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार चतुर्थ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के लोगों से अपील की है कि जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं, वे राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर सुलह-समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए न्यायालय परिसर पीलीभीत से जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार चतुर्थ ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद की विभिन्न तहसीलों में जाकर लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# दो बाइकों की टक्कर, तीन लोग गंभीर घायल

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच / श्रावस्ती के जमुनहा बहराइच मार्ग पर शिकारी गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीसीर के मजरा बेगमपुर निवासी तुलसी पुत्र अशरफी (26) और खुशबू पुत्र पंचू (28) निवासी बदला गांव किसी कार्य से मल्हीपुर आए हुए थे। कार्य समाप्त कर दोनों बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना के मजरा नई बस्ती निवासी राजू पुत्र हारून (20) की बाइक से जमुनहा बहराइच मार्ग पर स्थित शिकारी गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 8816 के ईएमटी रमेश चंद्र शुक्ला और पायलट सुजीत तिवारी ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया। सीएचसी मल्हीपुर में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया गया।



# घरेलू गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति के लिए निर्देश जारी, उपभोक्ता घर से ही करें बुकिंग

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर सभी ऑयल कंपनियों और संबंधित गैस एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गैस बुकिंग प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए एजेंसियों पर पोस्टर और बैनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए 25 दिनों के अंतराल पर बुकिंग अवश्य करें। वहीं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के अंतराल पर गैस बुकिंग की व्यवस्था लागू रहेगी। ऑयल कंपनियों ने बताया कि उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से गैस बुकिंग कर सकते हैं। यदि किसी कारणवश ऑनलाइन बुकिंग संभव नहीं हो तो उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से कॉल या मिस्ड कॉल देकर भी गैस सिलेंडर बुक करा सकते हैं। इसके लिए कंपनियों द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ता आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और घर बैठे मोबाइल ऐप, कॉल या मिस्ड कॉल के माध्यम से गैस बुकिंग की सुविधा का लाभ उठाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की भी सलाह दी गई है।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की डोर-टू-डोर डिलीवरी व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# भारतीय मजदूर संघ का वार्षिक अधिवेशन, नई कार्यकारिणी का गठन

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। भारत मुकुट वेंकट हाल में शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ, जिला पीलीभीत का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह राणा, प्रदेश मंत्री देव वर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं संस्थापक दत्तोपंत ठेंगरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर नगर प्रचारक कुलदीप जी भी मौजूद रहे। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष साधुराम दिवाकर ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कराई। मुख्य अतिथियों के निर्देशन में सर्वसम्मति से ब्रह्मस्वरूप वर्मा को जिला अध्यक्ष और शेर सिंह चौहान को जिला मंत्री चुना गया। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष साधुराम, उपाध्यक्ष सूरज अग्निहोत्री, शीशपाल सिंह, राजेंद्र शर्मा और विजय राजपूत, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, प्रचार मंत्री नंद किशोर कश्यप, संयुक्त मंत्री अमरेश कुमार, ओमकार सिंह, बृजलाल व राजकुमार, मीडिया प्रभारी राजकुमार वर्मा और ऑडिटर बृजेश कुमार चुने गए। अंत में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।





# बेतवा नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित उपकरण जब्त

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा- विदिशा जिले में अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। आज शुक्रवार को कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में खनिज अधिकारी एवं खनिज निरीक्षक द्वारा अमले के साथ बेतवा नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसील गंज बासौदा के ग्राम निवादिया एवं कुरावद क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते पाए जाने पर एक रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। साथ ही मौके से दो रेत छानने वाले छनना, चार फावड़े और 12 तगड़ियां सहित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री को सुरक्षित रखते हुए दो छन्नों को देहात थाना में जमा कराया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम दुनतर में भी अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौके पर उपयोग किए जा रहे ट्रैक्टर ट्यूब को नष्ट किया गया तथा तीन रेत छानने वाले उपकरणों को भी नष्ट किया गया। यह पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री के संबंध में नियमानुसार प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।







# पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का कृषकों ने देखा सीधा प्रसारण

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के




अंतर्गत 22वीं किस्त की राशि का हस्तांतरण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च 2026 को गुवाहाटी (असम) से सायं 5 बजे किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कृषकों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, शिवपुरी में भी किया गया, जिसे किसानों ने उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर आयोजित कृषि गोष्ठी में केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को जायद फसलों की उन्नत तकनीक, फसल प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती के संबंध में तकनीकी परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो छोटे एवं लघु किसानों को कृषि आदान क्रय करने में सहयोग प्रदान करती है। योजना के तहत राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में सुविधा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 13 मार्च 2026 को 22वीं किस्त के रूप में 18 हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की गई है। इस कार्यक्रम का देशभर में विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, शिवपुरी द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की जानकारी देने हेतु विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से 2500 से अधिक किसानों को समूहों के माध्यम से सूचना भेजी गई, जिसे किसानों ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत रातौर एवं पिपरसमां के सरपंच, प्रगतिशील किसान, किसान महिलाएं तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के स्टाफ सहित 50 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

# श्रावस्ती में भीषण सड़क दुर्घटना, एसएसबी टीम ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच / श्रावस्ती गोबर्धन पुजारी, उप कमांडेंट अपने एस्कॉर्ट आरक्षी देवेंद्र सिंह बसेडा एवं आरक्षी चालक गजेन्द्र सिंह के साथ सरकारी वाहन से सीमा चौकी रानियापुर से वाहिनी मुख्यालय भिनगा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान चिल्हारिया- भिनगा रोड़ पर गुलरा पटरा गांव के पास एक कार को ट्रक डम्पर द्वारा टक्कर मार दी गई, जिससे कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को देखते ही उप कमांडेंट गोबर्धन पुजारी एवं उनकी टीम ने तुरंत पुलिस एवं एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया तथा सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था कराई। घटना की सूचना तुरंत अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट, 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही उन्होंने घायलों की सहायता के लिए वाहिनी से त्वरित प्रतिक्रिया दल ( त्क्रक्ष ) को अस्पताल भेजा। क्यूआरटी टीम ने वहां पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों में ग्राम सिरसिया निवासी 1.मनीष कुमार सोनी ( उम्र 33 वर्ष ) 2. सूर्यभान सोनी ( उम्र 32 वर्ष ) 3. ओजेश ( उम्र 18 वर्ष ) 4. अतुल सोनी ( उम्र 17 वर्ष ) शामिल हैं। वहीं संतोष कुमार सोनी (उम्र 31 वर्ष ) की इस दुर्घटना में दुर्भाग्यवश मृत्यु हो गई। एसएसबी अधिकारियों एवं जवानों द्वारा समय पर की गई इस मानवीय सहायता की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई। सशस्त्र सीमा बल सीमा सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सहायता के लिए भी सदैव तत्पर रहता है।



# श्रावस्ती में अवैध कब्जों पर गरजा बुलडोजर, कोर्ट के आदेश पर ढहाए गए अवैध निर्माण

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच / श्रावस्ती = गिलौला थाना क्षेत्र में प्रशासन ने बंजर भूमि पर बने अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया. तिलकपुर मोड़ के पास चलाए गए इस अभियान के दौरान गारा-माटी और फूस से बनी तीन झोपड़ियों के अतिक्रमण वाले हिस्से को गिरा दिया गया. अभियान के दौरान मौके पर राजस्व और भारी पुलिस बल तैनात रहा. बताया गया कि श्रावस्ती प्रशासन को गिलौला थाना क्षेत्र के तिलकपुर मोड़ पर बंजर भूमि पर अवैध रूप से झोपड़ियां बनाकर रहने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं. जांच के बाद संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर स्वयं जमीन खालो करने का निर्देश दिया गया था. समय सीमा के अंदर अतिक्रमण न हटाए जाने पर कोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की. अभियान के दौरान मौके पर राजस्व और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था. स्थानीय लोगों के मुताबिक ध्वस्त की गईं झोपड़ियां राम तीरथ यादव, मोतीलाल यादव और शिव शंकर यादव नामक तीन भाइयों की थीं. इन तीनों परिवारों में कुल मिलाकर दो दर्जन से अधिक सदस्य रहते थे. परिवारों का दावा है कि वे कई वर्षों से इसी स्थान पर रह रहे थे. उन्हें कुछ समय पहले प्रशासन की ओर से नोटिस मिला था, लेकिन इस मामले में मुकदमा चल रहा था. कार्रवाई बंजर भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए की गई है. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान कोर्ट के आदेश के अनुपालन में चलाया गया है और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।




# रैंम्प के दोनों तरफ बड़े-बड़े गड्ढे, दुर्घटना की बनी आशंका

प्रेमचंद जायसवाल /क्यूँ न लिखूँ सच / श्रावस्ती - विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत कल कलवा मार्जिनल बंध पर ग्राम पंचायत सागर गांव के मजरा दोनों तरफ काफी हो चुका है ग्रामीणों सामना करना पड़ता से शिकायत की है अधिकारी अंजान मुरैला में बने रैंप पर काफी बड़े-बड़े गड्ढे हैं बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से रैंप क्षतिग्रस्त को आने-जाने में काफी परेशानियों का है ग्रामीणों ने इसके लिए कई बार अधिकारियों कि इसका मरम्मत करवा दिया जाए लेकिन बने हुए हैं इस रैम्प पर काफी आवागमन होता है कई लोग दुर्घटनाओं की वजह से चोटिल हो चुके हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं



# Sleeping on the wrong pillow increases the risk of these serious diseases, a doctor offers important advice.

Improper use of pillows is very harmful to our health. Sometimes, despite having the right pillow, people fail to use it properly. So, in this article, let's learn in detail from a doctor about pillow use. Most people know that choosing the wrong pillow can cause neck pain. However, few people believe that the pillow they rest their head on while sleeping can contribute to health problems like cholesterol, diabetes, and high blood pressure. Dr. Shalini Singh Solanki has shared a video on this topic, in which she explains several important things you should know. According to Dr. Shalini, using the wrong pillow causes misalignment of the cervical spine, which strains the neck muscles and increases pressure on the nerves. This directly affects blood circulation in the neck, disrupting deep sleep. She explained that the body repairs itself during deep sleep. Inadequate sleep can lead to increased insulin resistance and inflammation, which can lead to diseases like diabetes and high blood pressure. In this article, let's explore how to choose the right pillow. The Scientific Connection Between Disease and Sleep: According to Dr. Shalini, when the pillow isn't right, the body doesn't get the rest it needs for repair. Inadequate sleep creates stress, which disrupts metabolism and causes cholesterol levels to spiral out of control. Muscle tension and nerve compression keep the body in "fight or flight" mode throughout the night, leading to uncontrolled blood pressure. How to Choose the Right Pillow: Alignment: According to Dr. Shalini, the pillow should be at a height that keeps the neck and spine in a straight line. Material: Always choose a foam pillow, as it's neither too hard nor too soft, providing adequate support. Cover: For optimal comfort, always use a cotton pillow with a cotton cover, which is also safe for the skin. Sleeping position and pillow relationship: Choose the pillow size based on your position. If you sleep on your back, use a thinner pillow. If you sleep on your side, use a slightly thicker pillow to fill the gap between your shoulders and neck. Doctors recommend replacing or refilling your pillow every 2-3 years to maintain hygiene and support. Deep sleep is the key to longevity. According to Dr. Shalini Singh Solanki, not only gym and diet are enough for good health, but restful sleep on the right pillow is equally important. If you wake up feeling tired or achy in the morning, change your pillow immediately. Keep in mind that a small change can reduce your risk of serious diseases like diabetes and high blood pressure. Note: This article is based on information collected from medical reports.



# Do you finish lunch or dinner in minutes? If you have a habit of eating too quickly, be careful.

Eating too quickly, meaning swallowing without chewing properly, directly impacts the digestive system. This can have many negative effects on the body. Are you making this mistake too? If you want to keep your body healthy and fit, improving your diet is considered crucial. Everything we eat and drink directly impacts our health. While it's important to be mindful of what we eat, it's even more important to be mindful of how we eat it. Health experts say that the increasing rush and rush of work are significantly changing people's eating habits. People don't have time to eat peacefully, so they are becoming accustomed to eating quickly. However, this habit is considered to increase the risk of many health problems. If you eat too quickly, be careful; it can have many disadvantages. Eating without chewing properly is not good - Nutritionists say that eating too quickly or without chewing properly and swallowing quickly directly affects the digestive system. When we don't chew food properly, saliva is not produced in sufficient quantities, which can cause digestive problems. It usually takes about 20 minutes for the brain to receive the signal of fullness, so people who eat quickly often overeat. Eating too quickly is not only harmful to digestive health but can also increase heart health and many other problems. Risk of stomach-related problems - Eating too quickly can affect your digestive system. The digestive process begins in the mouth, where enzymes in saliva begin to break down carbohydrates. When we swallow food without chewing properly, this process remains incomplete. This puts extra pressure on the stomach and can increase problems like acidity, gas, indigestion, bloating, and heaviness. Gastrointestinal problems are more common in people who eat fast. Furthermore, eating quickly also causes excessive air to be swallowed, which can lead to bloating and belching. It can also increase the risk of chronic diseases: Eating too quickly can increase your risk of obesity and metabolic diseases. If you eat too fast, your brain doesn't receive the signal of fullness, causing you to consume more calories than necessary. This increases the risk of weight gain, which can lead to type 2 diabetes and insulin resistance. Furthermore, this habit can cause metabolic syndrome, which can further lead to heart disease. Know these risks: Eating too quickly can have many other disadvantages. When food is swallowed without proper chewing, it can cause it to get stuck in the throat. Children and the elderly are at greater risk of food getting stuck in their throats due to eating too quickly. This can also lead to breathing problems and coughing.



# If your blood pressure and sugar levels aren't controlled, you'll lose your kidneys. Negligence can prove costly.

When diabetes and high blood pressure remain uncontrolled for a long time, both diseases gradually damage the kidneys. Research shows that diabetes and hypertension are the leading causes of chronic kidney disease worldwide. The kidneys are one of the most vital parts of our body. Although this organ is quite small, it plays a significant role in the body's functioning. The kidneys filter approximately 130-140 liters of blood daily, removing toxins, wastes like urea and creatinine, and excess water. The kidneys also play a crucial role in controlling blood pressure. This small organ also has many important functions, such as maintaining the balance of electrolytes (sodium, potassium) and regulating the pH level of the blood. However, the incidence of kidney-related diseases is increasing rapidly worldwide, and even younger people are at risk. If kidney problems are not addressed promptly, they can lead to kidney failure, which is considered fatal. Lifestyle and dietary irregularities are considered major causes of kidney disease. But did you know that frequently elevated blood pressure and sugar levels can significantly increase the risk of kidney damage? Risk of Kidney Disease: World Kidney Day is celebrated annually on the second Thursday of March (this year, March 12th) to educate and raise awareness about the increasing prevalence of kidney disease worldwide and to alert people about kidney-related health problems. Several factors have been implicated in kidney disease: dietary irregularities, high sodium intake, smoking and alcohol consumption, overweight and obesity, and frequent use of painkillers. Health experts say that, in addition to these risk factors, people with frequently elevated blood sugar and blood pressure are more likely to develop kidney problems. Diabetes and hypertension are the leading causes of chronic kidney disease worldwide. Kidney disease due to high blood sugar: Doctors say that people who frequently have high blood sugar levels may be at higher risk of kidney disease. Long-term high blood sugar damages the small blood vessels in the kidneys, leading to diabetic nephropathy. Chronically high glucose levels weaken the filtering system, leading to protein in the urine, which can lead to chronic kidney disease. How dangerous is high blood pressure? Like high blood sugar, blood pressure also puts extra pressure on blood vessels. Blood pressure gradually damages the delicate veins of the kidneys. When the kidneys don't function properly, salt and water accumulate in the body, further increasing blood pressure. People with both high blood pressure and high sugar are at an even greater risk of kidney disease and its deterioration. What can be done to keep the kidneys healthy? Kidney specialists advise that patients with high blood pressure and diabetes should be especially careful about their kidney health. Keeping these levels under control can help prevent major problems. Furthermore, lifestyle modifications are also essential. Regular exercise helps maintain kidney health. This helps control blood pressure, weight, and blood sugar. To avoid high blood pressure, consume less than a teaspoon of salt. Drink adequate fluids daily to help the kidneys remove toxins. Increase the intake of fresh fruits, vegetables, and whole grains. Reduce or eliminate processed, high-sodium, and sugary foods. Maintain a healthy weight. Obesity can increase the risk of diabetes, hypertension, and kidney disease. Smoking slows blood flow to the kidneys, so avoid smoking.



